प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर एम्स में 5 सौ बेड की क्षमता वाले विश्राम सदन का किया शिलान्यास : कहा– डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में ला रही है क्रांतिकारी बदलाव।
2. मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कई हिस्सों में हुई बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के आकलन का दिया निर्देश : मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश और तराइ इलाकों के लिए जारी किया बारिश का यलो अलर्ट।
3. प्रदेश भर में आज मनाया जा रहा है गुड फ्राईडे और सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर साहब का प्रकाश पर्व : गिरजाघरों और गुरूद्वारों में विशेष प्रार्थना सभाओं का हो रहा है आयोजन।

और

4. आज मनाया जा रहा है विश्व धरोहर दिवस : राजधानी लखनऊ, वाराणसी समेत पांच जनपदों में कई जगहों पर हुआ हेरीटेज वॉक का आयोजन।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में पांच सौ बेड के पॉवर ग्रिड विश्राम सदन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि गोरखपुर

एम्स पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ ही बिहार और नेपाल के लोगों के इलाज के लिये एक प्रमुख केन्द्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ–सबका विकास मूलमंत्र के आधार पर जन कल्याणकारी योजनाओं को लगातार मूर्तरूप दिया जा रहा है। बाइट.....

*सबका साथ और सबके विकास का मूर्त रूप स्वास्थ्य की सुविधा के रूप में भी हम सबको देखने को मिल रहा है। देश के अंदर एक नहीं बल्कि बाईस नये एम्स प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यकाल में ही इन दस वर्षों में देश के अंदर बने हैं या बन रहे हैं और उनमें से गोरखपुर एम्स एक है।*

श्री योगी ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि पूर्वांचल भी स्वास्थ्य सेवाओं का हब बन। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और व्यवहारिक तरीके से गोरखपुर एम्स को विभिन्न अस्पतालों से जोड़ा जाना चाहिये, ताकि मरीजों को और अधिक सुविधाएं आसानी से मिल सकें। बाइट.....

*एम्स गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश का हब बने और यहां से अन्य मेडिकल कॉलेज को स्टॉक के रूप में जोड़ते हुए टेली कंसल्टेशन दें। हम उनको या डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल्स को दें जिससे जो सामान्य पेशेंट हैं जिसको केवल आप कंसल्टेशन दे सकते हैं और उसके माध्यम से वहीं पर वे अपनी दवा खरीदें, अपने घर जाएं। उस प्रकार के पेशेंट की सुविधा का केन्द्र अगर हम बना देंगे तो डॉक्टर्स भी अधिक से अधिक पेशेंट को यहां सुविधा देने में सफल होगा।*

पॉवर ग्रिड कारपारेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से यह रैन बसेरा 44 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से तैयार किया जायेगा। यह न सिर्फ गोरखपुर, बल्कि पूर्वांचल का

सबसे बड़ा रैन बसेरा होगा। इस पहल से एम्स में आने वाले मरीजों और तीमारदारों को काफी सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री कल गोरखपुर के मानबेला में सड़क, सिवरेज और पर्यटन सहित विकास की एक हजार पांच सौ करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

---------

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश, ओलावृष्टि के मद्‌देनजर अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भमण कर सर्वे करें और राहत कार्य पर नज़र रखें। श्री योगी ने निर्देश दिया है कि जिन जिलों में आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश से जनहानि और पशुहानि हुई है, वहां प्रभावितों को तत्काल राहत राशि दी जाये और घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

---------

मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में आज और कल तेज हवाओं और बारिश का अनुमान जताया है। सोनभद्र, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर जिलों सहित आसपास के इलाकों में गर्जन और वज्रपात की भी संभावना है। बाइट.....

*आगामी पश्चिमी विक्षोभ के साथ संभावित प्रतिक्रिया के कारण प्रदेश में बीस अप्रैल तक मेघ गर्जन तेज़ झोंकेदार हवाओं पचास से साठ किलोमीटर*

*प्रतिघंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी के साथ कहीं कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है जो मुख्यतया प्रदेश के तराई इलाकों एवं उससे लगे हुए मध्यवर्ती इलाकों तक सीमित रहेगी बीस अप्रैल के बाद इन परिस्थितियों में सुधार होने तथा तापमान में क्रमिक तौर पर वृद्धि आरंभ हो जाने की संभावना है।*

——————————

**राज्य सरकार निवेशकों की सुविधा के लिये देश की तीन मेट्रो सिटीज में इंवेस्ट यूपी के दफ्तर खोलेगी। एक रिपोर्ट.....**

*प्रदेश की योगी सरकार निवेश को बढ़ावा देने के लिये एक नई रणनीति पर विचार कर रही है। इसके तहत देश के तीन मेट्रो शहरों– नई दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरू में इंवेस्ट यूपी के दफ्तर खोलने की तैयारी की जा रही है। राज्य सरकार इन तीन शहरों में इंवेस्ट यूपी का ऑफिस बनाकर एक ऐसा नेटवर्क बनानी चाहती है, जिससे उत्तर प्रदेश को निवेशकों के लिये और अधिक सुलभ व आकर्षक बनाया जा सके। इस कदम से न सिर्फ प्रदेश में निवेश बढ़ेगा, बल्कि रोजगार के लाखों अवसर भी पैदा होंगे। योगी सरकार का यह फैसला राज्य को निवेश का हब बनाने की दिशा में निर्णायक साबित होगा। इसके अलावा निवेश के बढ़ते रूझान के साथ–साथ नालिज आधारित उद्योगों का विस्तार भी होगा। राज्य सरकार की कोशिश है कि निवेशक उत्तर प्रदेश को पहले गतंव्य के रूप में देखे।*

आकाशवाणी समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक**

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राज्य सरकार ने बरेली जिले में नाथ कॉरिडोर के तहत आने वाले मंदिरों, महत्वपूर्ण जगहों के विकास और अन्य पर्यटन परियोजनाओं के लिये लगभग 67 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की है। राज्य के पयटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने लखनऊ में यह जानकारी देते हुए बताया कि नाथ कॉरिडोर के तहत अलखनाथ और पशुपतिनाथ मंदिरों के पर्यटन विकास पर लगभग एक हजार सत्तर लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। इसके अलावा कांवड़ यात्रा स्थलों के विकास के लिये 4 सौ दो लाख रुपये खर्च किये जायेंगे। वहीं तापेश्वर नाथ मंदिर तुलसीमठ, त्रिवटीनाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिये भी लगभग एक हजार आठ सौ लाख रुपये मंजूर किये गये हैं। श्री सिंह ने बताया कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य नाथ नगरी बरेली में श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बुनियादी सुविधाएं सुलभ कराना है।

————————

प्रदेश भर में आज गुड फ्राईडे मनाया जा रहा है। यह ईसाई धर्म के प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह दिन प्रभु ईसा मसीह को सलीब पर चढाए जाने की याद में मनाया जाता है।

इसी दिन प्रभु इसा मसोह ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाने के लिए अपना जीवन उत्सर्ग किया था।

इस मौके पर लखनऊ सहित राज्य के विभिन्न नगरों और कस्बों में स्थित गिरजाघरों में ईसाई धर्मावलम्बियों ने विशेष प्रार्थना कर प्रभु ईसा मसीह से अपनी गलतियों के लिये क्षमा याचना की। इससे पहले कल ईस्टर के मौके पर लखनऊ के कैथीड्रल चर्च और अलीगंज के असेम्बली ऑफ बिलिवर्स चर्च में आराधना का खास आयोजन किया गया।

—————————

नौवें सिख गुरु, तेग बहादुर साहिब का आज चार सौ चारवां प्रकाश पर्व है। इस अवसर पर राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न शहरों के गुरूद्वारों में शबद कीर्तन, पाठ और लंगर का आयोजन हो रहा है। लखनऊ के ऐतिहासिक यहियागंज गुरूद्वारे में सुबह श्री गुरूग्रंथ साहब पर फूलों की वर्षा की गई। वहीं बाराबंकी, रायबरेली, कानपुर, सहित कई शहरों में अरदास और गुरूवाणी के साथ विशेष आयोजन किये जा रहे हैं। सिख समुदाय के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुद्वारों में मत्था टेक रहे है।

श्री गुरू तेग बहादुर साहब का जन्म 1621 में अमृतसर में हुआ था। एक निर्भीक योद्धा के साथ ही वे आध्यात्मिक विद्वान और कवि भी थे।

—————————

आज विश्व धरोहर दिवस है। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को कला, संस्कृति और इतिहास से जुड़ी विरासतों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर आज उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रदेश के पांच प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों–वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, झांसी और आगरा में विशेष हेरिटेज वॉक सहित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में लखनऊ में विशेष हेरिटेज वॉक की शुरूआत जर्नेल कोठी जो फरहत बख्श कोठी रेजिडेंसी, लाल बारादरी, अमीरूदौला लाइब्रेरी और सफेद बारादरी होते हुए कैसरबाग चौराहे पर खत्म हुई। वाराणसी के बनारस रेल इंजन कारखाने में विरासत की सुरक्षा थीम पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने इसका शुभारम्भ किया। इस मौके पर बरेका के ऐतिहासिक सफर, तकनीकी नवाचारों और उपलब्धियों को जीवंत रूप में पेश किया गया। प्रयागराज में क्षेत्रीय पुरातत्व इकाई और अभिलेखागार इकाई ने संयुक्त रूप से हमारी विरासत विषय पर आधारित फोटो और अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस नुमाइश में चुनार किला आगरा के बटेश्वर मंदिर देवगढ़ ललितपुर की शैलो उत्कीर्ण प्रतिमाएं तथा प्रयागराज के शहरी विकास से जुड़े दस्तावेज का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहे।

————————

संयुक्त प्रवेश परीक्षा– जेईई मेन 2025 का नतीजा कल घोषित किया जाएगा। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने यह जानकारी दी है।

(समाप्त)